संपादकीय

# तो सारे टंटे सुलझ गए!

भारत-चीन की सेनाओं के डिसएंगेजमेंट का परिणाम यह हुआ है कि शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित हो गई है।

भारत सरकार के सूत्रों ने मीडिया को ब्रीफ किया है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मई 2020 में जो भी विवाद खड़े हुए थे, उनको अब हल कर लिया गया है। ये बात गोगरा हॉट स्प्रिंग स्थित पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 के पास आमने-सामने खड़ी दोनों देशों की सेनाओं के वापस लौटने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कही गई। जबकि मीडिया रिपोर्टों में ध्यान दिलाया गया है कि देपसांग और देमचोक क्षेत्र में अभी चीन ने भारतीय बलों को उन स्थलों तक गश्त लगाने से रोक रखा है, जहां पहले भारतीय टुकड़ियां जाती थीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दावा है कि अभी भी भारत का लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर वह इलाका चीन के कब्जे में है, जहां उसकी सेना 2020 के अप्रैल- मई में घुस आई थी। वैसे तथ्य यह है कि भारत सरकार ने यह आरोप कभी नहीं लगाया कि तब चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। बल्कि खुद प्रधानमंत्री ने कहा था कि कोई नहीं घुसा है। इस तरह भारत सरकार का कथानक अपनी लाइन पर ही है।

ताजा घटनाक्रम का परिणाम यह हुआ है कि शंघाई सहयोग संगठन की समरकंद में गुरुवार से होने वाली शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की अनुकूल पृष्ठभूमि बन गई है। वैसे मुलाकात हो या नहीं, यह जरूर कहा जाएगा कि डिसएंजमेंट की ताजा घटना से चीन मोदी की समरकंद में उपस्थिति सुनिश्चित कराने में सफल हो गए हैं। चीन इस समय रूस के साथ मिल कर अमेरिकी धुरी के खिलाफ वैकल्पिक धुरी तैयार करने में जुटा हुआ है। वैसे में किसी देश को कुछ टैक्टिकल बढ़त देना उसके नजरिए से फायदे का ही सौदा है। भारत जैसे बड़े और महत्त्वपूर्ण देश के प्रधानमंत्री की समरकंद में मौजूदगी का अपना खास महत्त्व है। इससे संदेश जाएगा कि विकासशील देश पश्चिम के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। उधर प्रधानमंत्री के समर्थकों को यह टॉकिंग प्वाइंट मिला है कि आखिरकार मोदी ने चीन को झुका दिया है। अंतर सिर्फ यह है कि शी का टैक्टिकल कदम चीन के हित में है, जबकि मोदी समर्थकों को मिले तर्क से भारत का कितना भला होगा, इसे आसानी से समझा जा सकता है।

# हीरो, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम तैयार करेंगी ईवी चार्जिंग ढांचा



**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिये चार्जिंग का बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिये दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प और पेट्रोलियम क्षेत्र की महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने साझेदारी की।

दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस पहल के तहत में दोपहिया दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिये चार्जिंग का बुनियादी ढांचा स्थापित करेंगी। इस प्रकार जन-साधारण के यातायात को इलेक्ट्रिफाइड भविष्य की ओर बढने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा। पहले चरण में, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना चुनिंदा शहरों में होगी और फिर दूसरे महत्वपूर्ण बाजारों में विस्तार किया जाएगा। इसका लक्ष्य देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नेटवर्क की सघनता को बढ़ाना है।

बयान में कहा गया है कि चार्जिंग नेटवर्क के लिये बुनियादी ढांचे के विकास का नेतृत्व हीरो मोटोकॉर्प करेगी। हर चार्जिंग स्टेशन में डीसी और एसी चार्जर्स समेत कई स्मार्ट और तेज चार्जर्स टू व्हीलर ईवी के लिये उपलब्ध होंगे। चार्जिंग के लिये यूजर के पूरे अनुभव को हीरो मोटोकॉर्प मोबाइल-ऐप से नियंत्रित किया जाएगा और यह नगद-रहित लेन- देन पर आधारित होगा।

हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन एवं सीईओ डॉ. पवन मुंजाल ने कहा,हम देश में ईवी का एक मजबूत परितंत्र निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं। हमारा मानना है कि ईवी को आसानी और तेजी से अपनाया जाना तभी संभव होगा, जब ग्राहकों की सहयोगी बुनियादी ढांचे तक आसान और सुविधाजनक पहुँच होगी, खासकर जैसे सार्वजनिक चार्जिंग और एचपीसीएल के साथ हमारा सहयोग इस जरूरत को लंबे समय तक पूरा करेगा।

एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पुष्प कुमार जोशी ने कहा यह भागीदारी देश में इलेक्ट्रिक चार्जिंग का बुनियादी ढांचा निर्मित करेगी और शुरू से लेकर अंत तक ईवी चार्जिंग समाधान देगी। यह काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में बिकने वाले 60 प्रतिशत से ज्यादा ईवी दो-पहिया हैं और उनके लिये चार्जिंग का एक मजबूत परितंत्र इस समय की जरूरत है, ताकि ई2व्हीलर्स के मालिकों को रेंज की चिंता न रहे।

# अब 30 सितंबर तक हो सकेगा टूटे चावल का निर्यात, सरकार ने बढ़ाया समय



**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यातकों को राहत देते हुए अब टूटे चावल का निर्यात 30 सितंबर तक करने की इजाजत दे दी है। 8 सितंबर को सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर बैन लगा दिया था और चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगा दिया था। निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया था कि प्रतिबंध आदेश से पहले जहाज पर टूटे चावल की लोडिंग शुरू हो गई है, शिपिंग बिल दायर किया जा चुका है या जहाजों ने पहले ही भारतीय बंदरगाहों पर लंगर डाल दिया है, ऐसे मामलों में 15 सितंबर तक निर्यात किया जा सकेगा।

अब इस समय सीमा को 15 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। एक रिपोर्ट अनुसार, टूटे चावल के निर्यात की समय सीमा बढ़ाने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए आरबीबी शिप चार्टरिंग लिमिटेड के एमडी और सीईओ राजेश भोजवानी ने कहा कि सरकार के इस कदम से बंदरगाहों पर अटके टूटे चावल के कार्गो को क्लियर करने में मदद मिलेगी।

## रिसर्च एंड रैंकिंग के सीएसओ बने राकेश मल्होत्रा


**मुंबई।** देश के इक्विटी निवेश सलाहकार ब्रांड रिसर्च एंड रैंकिंग ने अपने दल को और मजबूत करने के लिए राकेश मल्होत्रा को मुख्य बिक्री अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त किया है।

कंपनी ने कहा कि श्री मल्होत्रा कंपनी के संस्थापक और निदेशक मनीष गोयल को रिपोर्ट करेंगे। वह अपनी नयी भूमिका में व्यवसाय विकास और राजस्व सृजन के लिए जिम्मेदार होंगे।

श्री गोयल ने कहा, अपने अस्तित्व के छह वर्षों के भीतर हम इक्विटी परामर्श में बाजार के प्रमुख बन गए हैं जो भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। हमने पिछले तीन वर्षों में 100 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल की है और वित्त वर्ष 2021-22 में 2.4 गुना की बढ़ोतरी पर एक स्थिर वृद्धि राजस्व प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा, कंपनी के लिए श्री मल्होत्रा रणनीतिक और परिचालन की क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देगें। मुझे विश्वास है कि वह अपनी नयी भूमिका और जिम्मेदारियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# मल्टीप्लेक्स का राजस्व बढ़ सकता है तीन गुना



**मुंबई।** मल्टीप्लेक्स चालू वित्त वर्ष में अपने राजस्व को तीन गुना बढ़ाने के लिए तैयार है जो पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के निम्न-आधार प्रभाव से प्रेरित है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक बयान में कहा कि महामारी के अंतराल के बाद वित्त वर्ष 2022-23 में अधिक लोग फिल्में देखने के लिए कतार में हैं। हलांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म से प्रतिस्पर्धा के कारण मल्टीप्लेक्स की क्षमता भरने पर असर पड़ सकता है।

मल्टीप्लेक्स का राजस्व 6,000 करोड़ रुपये से अधिक या वित्त वर्ष 2019-20 के स्तर से 13-15 प्रतिशत अधिक के उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। मल्टीप्लेक्स में क्षमता में तेज सुधार के साथ इसके कारकों की एक तिकड़ी औसत टिकट की कीमतों में वृद्धि, खाद्य और पेय पदार्थों (एफएंडबी) पर प्रति व्यक्ति अधिक खर्च और स्क्रीन के अतिरिक्त से वृद्धि बढऩे की उम्नीद है। बयान के अनुसार पहली तिमाही में आंकड़ें पूर्व-महामारी के स्तर पर वापस आ गया थे, यह पूरे वित्त वर्ष के लिए थोड़ा कम हो सकता है क्योंकि मल्टीप्लेक्स ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों से प्रतिस्पर्धा महसूस कर रहे हैं। इससे परिचालन मार्जिन में पूर्ण सुधार की संभावना नहीं है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक नवीन वैद्यनाथन ने कहा, मल्टीप्लेक्स ने महामारी के झटके से अच्छी तरह से वापसी की है और इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अपने उच्चतम तिमाही राजस्व और परिचालन लाभ की सूचना दी है। कुछ बड़े बैनरों की फिल्मों की रिलीज से क्षमता 32 प्रतिशत के पूर्व-महामारी स्तर पर वापस आ गया है। उन्होंने कहा,पिछले दो महीनों में सोशल मीडिया पर नाराजगी और फिल्मों के बहिष्कार की वजह से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है लेकिन आने वाले महीनों में त्योहारी सीजन और मजबूत कहानी पर आधारित फिल्मों से परिदृश्य बदल सकता है।

# ग्रीन, वेड ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से जिताया, भारत को दी मात



**मोहाली।** ऑस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन (61) के विस्फोटक अर्द्धशतक और मैथ्यू वेड (46 नाबाद) की आतिशी पारी की बदौलत भारत को पहले टी20 मैच में चार विकेट से मात दी।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 208 रन बनाये थे, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने चार गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

मोहाली के बड़े मैदान में 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया को विस्फोटक शुरुआत दिलायी। बीच के ओवरों में ग्लेन मैक्सवेल (01) और जॉश इंग्लिस (17) का विकेट जल्दी गिरने के बाद भारत के लिये कुछ उम्मीदें जगीं, लेकिन मैथ्यू वेड ने डेब्यूटांट टिम डेविड (18) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत तक पहुंचाया। वेड ने अपनी मैच जिताऊ पारी में सिर्फ 21 गेंदें खेलकर छह चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 45 रन बनाये। आखिरी गेंद पर पैट कमिंस ने चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को विजय दिलायी।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया और रोहित शर्मा (11) एवं विराट कोहली (02) के जल्दी आउट होने के बावजूद भारत ने विस्फोटक बल्लेबाजी के साथ पावरप्ले में 46 रन जोड़े।

राहुल ने स्ट्राइक रेट से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए 35 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 55 रन बनाये, और सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार ने आउट होने से पहले 25 गेंदों पर दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 46 रन की पारी खेली।

राहुल (12वां ओवर) और सूर्यकुमार (14वां ओवर) का विकेट गिरने के बाद अक्षर पटेल भी 16वें ओवर में छह रन बनाकर आउट हो गये। दिनेश कार्तिक (06) भी महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके, लेकिन हार्दिक पांड्या ने अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जमाते हुए भारत को 200 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 209 रनों का टारगेट दिया, हार्दिक ने 3 गेंदों पर लगाए 3 छक्के



**मोहाली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20आई सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान एरोन फिंच ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया है। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी और 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 208 रन बनाए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 209 रन का लक्ष्य है।

मैच में ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं हैं। उमेश यादव को मौका मिला है, जबकि हर्षल पटेल की भी वापसी हुई है। स्पिनर के रूप में युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल को मौका दिया गया है। कप्तान रोहित ने टॉस के दौरान बताया कि बुमराह इस मैच में नहीं खेल रहे, लेकिन संभवत: अगले दोनों मैच खेलेंगे।

केएल राहुल ने 32 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे किए और इस दौरान 3 छक्के व 3 चौके भी लगाए। ये उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का 18वां अर्धशतक था तो वहीं भारतीय धरती पर ये उनका 10वां अर्धशतक था। इस मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 3 छक्के व 4 चौकों की मदद से 55 रन बनाए और कैच आउट हुए। वहीं हार्दिक पांड्या ने 25 गेंदों पर 2 छक्के व 7 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया।

विराट कोहली ने इस मैच में निराश किया और 2 रन बनाए जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने 11 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंदों पर 4 छक्के और 2 चौकों की मदद से 46 रन की तेज पारी खेली, लेकिन वो ग्रीन की गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं अक्षर पटेल व दिनेश कार्तिक ने 6-6 रन की पारी खेली।

## ब्रह्मास्त्र बनी साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म



ब्रह्मास्त्र ने रिलीज होते ही दुनियाभर में धूम मचा दी है। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर रौनक देखते ही बन रही है। काफी समय बाद किसी फिल्म को दर्शकों ने इतना प्यार दिया। फिल्म 9 सितंबर को रूपहले पर्दे पर आई थी। अब फिल्म के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है।

ब्रह्मास्त्र ने दुनियाभर में 360 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। यह आंकड़ा छूने के साथ ही यह इस साल की सबसे अधिक कमाने वाली फिल्म बॉलीवुड फिल्म बन गई है। फिल्म ने अपनी रिलीज के 10 दिनों में यह कीर्तिमान रचा है। भारत में इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। खबरों की मानें तो इसे करीब 400 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था।

साल की दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स है। फिल्म ने भारत में 252.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दुनियाभर में इसकी कमाई 340.92 करोड़ रुपये रही थी। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इसका निर्देशन किया था। भूल भुलैया 2 साल की तीसरी सबसे अधिक कलेक्शन करने वाली फिल्म है। आलिया की गंगूबाई काठियावाड़ी साल की चौथी सबसे अधिक कमाने वाली फिल्म है। जुग जुग जियो इस सूची में पांचवें स्थान पर है।

## अरोड़ा सिस्टर्स वेब सीरीज में दिखेंगी मलाइका और अमृता



ओटीटी प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता ने फैंस से लेकर सितारों को भी आकर्षित किया है। अब सुनने में आ रहा है कि मलाइका अरोड़ा और उनकी बहन अमृता अरोड़ा पर आधारित वेब सीरीज बनने वाली है। खबरों की मानें तो इसका शीर्षक अरोड़ा सिस्टर्स रखा गया है। इसमें उनकी निजी जिंदगी से लेकर पेशेवर जिंदगी को फिल्माया जाएगा। उम्मीद है कि इस सीरीज के जरिए दोनों बहनों की जिंदगी से जुड़े कई राज खुलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाइका और अमृता ने वेब सीरीज अरोड़ा सिस्टर्स के लिए अपनी कमर कस ली है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप लम्बे समय से रुके कार्यों को समाप्त करने में सफल हो सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से आपको सहयोग या मुलाकात हो सकती है। आपके दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए दिन फेवरेबल है।

***मिथुन :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपको किसी खास काम में सफलता हासिल होगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बना सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी से प्रभावित होंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं। साथ ही आप अपने किसी रिश्तेदार को भी साथ ले जा सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से अलग से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

***कन्या :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आयेगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे।

***तुला :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा हो सकता है। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता करेगी।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना उत्तम रहेगा। प्रेमी के लिए दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को करियर में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

***धनु :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

***मकर :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आपको भरोसा करने से बचना चाहिए।

***कुंभ :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में इजाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

***मीन :*** आज आप अपनी ऊर्जा का अच्छे कामों सदुपयोग करेंगे । सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

## 'मटकी उसल'

हेल्थ और टेस्ट का जबरदस्त कॉम्बिनेशन है मटकी उसल। कई बार अंकुरित मोथ खाने का दिल नहीं करता, ऐसे में आप उसे कुछ इस तरह बनाएं, मजा आ जाएगा खाने में।



### सामग्री :

मोथ बीन्स- 1/2 कप, 1 बड़ा प्याज बारीक कटा हुआ, 1 मीडियम साइज टमाटर कटा हुआ, 2 चुटकी हींग, 1 टीस्पून सरसों के बीज, 1/2 टीस्पून जीरा, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून गरम मसाला पाउडर, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1 से 2 टेबलस्पून नारियल कद्दूकस किया हुआ, 2 टीस्पून तेल, नमक स्वादानुसार, धनिया पत्ती गॉर्निशिंग के लिए, नींबू के टुकड़े गॉर्निशिंग के लिए

### विधि :


- मोथ बीन्स को एक बार धो लें और पूरी रात भिगोकर रख दें। सुबह इसे पानी से दो बार और अच्छी तरह धो लें। ऊपर से थोड़ा सा पानी छिड़क दें और किसी टाइट डिब्बे में रखकर एक दिन के लिए छोड़ दें जिससे ये अंकुरित हो जाए। अब ये बीन्स इस्तेमाल के लिए तैयार है।

**मटकी उसल बनाने के लिए** - गैस पर पैन गरम होने के लिए रख दें। इसके बाद इसमें तेल डालें और सरसों के बीज का तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें जीरा, हींग, प्याज डालकर इसे सुनहरा होने तक भूनें। जैसे ही प्याज का रंग बदल जाए इसमें टमाटर डालेंगे और उसे सॉफ्ट होने तक पकाएंगे। अब बारी है इसमें लाल मिर्च, गरम मसाला पाउडर, हल्दी पाउडर डालने की। इसे तब तक पकाएं जब तक इसका पानी सूख न जाए। इसमें अब अंकुरित मोथ बीन्स डालेंगे। साथ ही कद्दूकस किया नारियल और नमक। सारी चीज़ों को अच्छी तरह मिक्स करेंगे। बहुत ज्यादा सूखा लग रहा हो, तो आधा कप पानी डाल दें और ढककर थोड़ी देर और पका लें, जिससे ये लटपटी हो जाए। तैयार है मटकी उसल, ऊपर से धनिया की पत्ती और नींबू के टुकड़े डालकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 201

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल



## सू-दोकू- 201

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.200 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |